तापमान

अधिकतम 39.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, गुरुवार 25 अप्रैल 2024



11 अति संवेदनशील इलाकों के चप्पे चप्पे पर पुलिस-सुरक्षा बल तैनात





12 राजनांदगांव की जनता भूपेश बघेल को सिखाएगी सबक : अरुण साव






# तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य में देरी, 66 हजार परिवारों को शासन के आदेश का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

गरियाबंद वन मंडल अंतर्गत 70 समिति के 66 हजार तेंदूपत्ता संग्राहक परिवार तेंदूपत्ता तोड़ने सरकार के आदेश का इंतजार कर रहे हैं। हालांकि वन विभाग तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य के लिए सभी जरूरी तैयारी पूरी कर चुका हैं। वन विभाग ने तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य के लिए ठेका महाराष्ट्र (गोंदिया) पश्चिम बंगाल एवं मध्यप्रदेश के ठेकेदारों को दिया है।

इस वर्ष लोकसभा चुनाव के चलते तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य में पिछले साल की अपेक्षा देरी हुई है। वर्ष 2023 में अप्रैल माह के तीसरे सप्ताह में तेंदू पत्ता संग्रहण कार्य शुरू हो गया था, लेकिन छत्तीसगढ़ में वर्ष 2024 के दौरान तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य संभवतः माह अप्रैल के अंत तक शुरू होगा। संग्रहण कार्य में देरी होने से तेंदूपत्ता के क्वालिटी में असर पड़ सकता है। वर्ष 2024 में गरियाबंद वन मंडल को 83000 हजार मानक बोरा तेंदुपत्ता संग्रहण का लक्ष्य दिया गया है। बीते साल 2023 में 77600 मानक बोरा तेंदुपत्ता संग्रहण हुए जिसका 31 करोड़ 4 लाख 25 हजार रुपए का भुगतान संग्राहक परिवार को दिया गया।

**ग्रामीणों को आदेश का बेसब्री से इंतजार :** गरियाबंद वन मंडल के वन परिक्षेत्र तौरंगा, देवभोग, कुल्हाड़ीघाट, मैनपुर, धवलपुर, नवागढ़, परसुली, छुरा पाण्डुका, फिंगेश्वर और गरियाबंद के 66 हजार तेंदूपत्ता संग्राहक परिवार हैं जो तेंदूपत्ता तोड़ने सरकार के निर्देश का इंतजार कर रहे हैं। वनांचल के लोगों के पास भीषण गर्मी में तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य रोजगार का सबसे बड़ा साधन है।



### विलंब होने पर तेंदूपत्ते के क्वालिटी पर पड़ेगा असर



### फड़ मुंशियों की हो चुकी नियुक्ति

2024 में तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य के सुचारू संचालन के लिए विभाग द्वारा तैयारियां जोरों पर है। इसके तहत जिला यूनियनों द्वारा फड़ मुंशियों की नियुक्ति तथा अग्नि सुरक्षा और तेंदूपत्ता शाखकर्तन के संबंध में कार्यशाला आयोजित कर प्रशिक्षण दिया जा चुका है। लघु वनोपज संघ द्वारा तेंदूपत्ते का संग्रहण से पूर्व उसके गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाएगा ताकि संग्राहक उच्च गुणवत्ता का तेन्दूपत्ता का संग्रहण करें, जिससे उन्हें संग्रहण पारिश्रमिक अधिक से अधिक प्राप्त हो सकें। उल्लेखनीय है कि राज्य में हर साल तेंदुपत्ता संग्रहण दर में वृद्धि हुई है। वर्ष 2019 से तेन्दूपत्ता संग्रहण दर 2500 रूपए प्रति मानक बोरा था, जिसे बढ़ाकर 4000 रूपए प्रति मानक बोरा निर्धारित किया गया। वही वर्ष इस वर्ष 2024 में तेंदुपत्ता संग्राहक को प्रति मानक बोरा 5500 रुपए दिया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### आज मतदान दलों को किया जाएगा चुनाव सामग्री का वितरण




**गरियाबंद।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत कृषि उपज मंडी परिसर गरियाबंद मेंआज 25 अप्रैल गुरूवार को सुबह 6 बजे राजिम एवं बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए मतदान दलों को मतदान सामग्री का वितरण किया जायेगा। कृषि उपज मंडी परिसर में अधिकारी-कर्मचारियों एवं मतदान दलों के प्रवेश एवं निर्गम के लिए निर्धारित गेट बनाये गये है। इनमें मुख्य मार्ग पर स्थित मंडी परिसर के गेट क्रमांक-01 से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी, सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी प्रवेश करेंगे। इसी तरह मुख्य मार्ग से केशोडार मार्ग पर स्थित गेट क्रमांक-2 में राजिम विधानसभा क्षेत्र के लिए लगे मतदान दल के अधिकारी-कर्मचारी एवं गेट क्रमांक 02 से केशोडार मार्ग पर आगे की ओर स्थित गेट क्रमांक 3 में बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए मतदान दल के अधिकारी-कर्मचारी प्रवेश एवं निर्गम करेंगे।

### विचाराधीन दो बंदियों में जमकर हुई मारपीट, एक रायपुर रेफर



**महासमुंद।** जिला जेल में बीती शाम खाना खाने के दौरान विचाराधीन दो बंदियों के बीच जमकर मारपीट हो गई। दोनों को घायल अवस्था में मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था, जहां से एक को गंभीर अवस्था में रायपुर रेफर किया गया।
जानकारी के अनुसार जेल के बैरक नंबर पांच में मंगलवार शाम विचाराधीन बंदियों को खाना दिया गया। इसी दौरान एक ही प्रकरण में जेल दाखिला किए गए कनेकेरा निवासी इंद्रकुमार (26) और सियाराम (21) में किसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों ने एक दूसरे पर थाली-गिलास से हमला कर घायल करने लग गए। जैसे ही इसकी जानकारी जेल प्रबंधन को हुई दोनों घायलों को मेडिकल कॉलेज इलाज के लिए भेजा गया। जहाँ सियाराम को प्राथमिक उपचार के बाद वापस जेल दाखिल कर दिया गया। वहीं, इंद्रकुमार को रायपुर रेफर कर दिया गया। इंद्रकुमार को तीन टांका लगा है। फिलहाल उसे केंद्रीय जेल रायपुर में रखा गया है।
जिला जेल अधीक्षक यूके पटेल ने बताया कि खाना खाने के दौरान बैरक नंबर पांच में 307 के दो आरोपियों के बीच मामले में गवाही देने के नाम पर मारपीट हो गई। मारपीट में उनके कंधे और कान पर चोट आई है, जिन्हें इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया है।

### मुख्यमंत्री ने परसदाकला में जनसभा को किया संबोधित

# भाजपा और मोदी की गारंटी पर सब का विश्वास है: अरुण साव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर





प्रदेश के तीन सीटों पर कल 26 अप्रैल को मतदान होना है। इसके लिए बुधवार की शाम को चुनावी प्रचार-प्रसार थम गया। इससे पहले बुधवार सुबह प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव चुनावी दौरे पर फिगेंश्वर क्षेत्र के ग्राम परसदाकला पहुंचे। उनके साथ मंच पर राजिम विधायक रोहित साहू, जिला पंचायत सदस्य चन्द्रशेखर साहू, जिला भाजपा अध्यक्ष राजेश साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता भागवत हरित, रामकुमार साहू, मंडल अध्यक्ष प्यारे लाल सोनकर, रामू राम साहू, रामजी साहू, बोधन साहू, लाला राम साहू, राहूल सेन, रवि साहू मौजूद थे।

डिप्टी सीएम श्री साव ने कहा कि महासमुंद सहित छत्तीसगढ़ के सभी लोकसभा सीट भारतीय जनता पार्टी जीत रही है। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी के साथ सभी का विश्वास बीजेपी के प्रति हैं। जनता मोदी की विकास पर वोट करेगी। विधानसभा चुनाव में किए गए सभी प्रमुख वादों को पूरा कर चुकी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने अपने घोषणा के अनुरूप प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए बजट की व्यवस्था कर लिया हैं जो चुनाव के बाद सभी हितग्राहियों को मिलेगा। दो साल का बकाया बोनस राशि, किसानों को दिया गया। किसानों से बढ़े हुए समर्थन मूल्य पर खरीदी की गई। मोदी जी एक विकसित भारत के निर्माण के लक्ष्य को लेकर काम कर रहे है।

**भारत की अर्थव्यवस्था सुधरी :** श्री साव ने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह सरकार ने अपने 10 साल के कार्यकाल में भारत की अर्थव्यवस्था एक पायदान भी आगे नहीं बढ़ाया। लेकिन 2014 में नरेंद्र मोदी की सरकार बनने के बाद पिछले 10 सालों में 6वें स्थान पर लेकर आए और अब आने वाले 5 सालों में तीसरे स्थान पर आने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि हर क्षेत्र में आज हम बड़े निर्यातक के रूप में दुनिया के सामने आए तो देश आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ रहा है। जो कि नरेंद्र मोदी जी के योजनाओं का परिणाम है कि देश का चौतरफा विकास हो रहा है और एक बड़ा विजन लेकर 2047 में भारत विकसित भारत के रूप में दुनिया के सामने उभर कर आए ये तैयारी के साथ भारतीय जनता पार्टी काम कर रही है। नरेंद्र मोदी को जनता का आशीर्वाद मिल रहा है और जो जनता के सपनों के भारत का निर्माण सबका साथ सबका विकास इस मूल मंत्र को लेकर मोदी जी देश को आगे बढ़ना चाहते हैं।

### कांग्रेस मुद्दाविहीन

उपमुख्यमंत्री साव ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए पर यह इंडिया गठबंधन और विपक्ष के दल जिस तरह के मुद्दे उठा रहे हैं, उस पर चिंतन की आवश्यकता है और इसलिए आज जो देश के अंदर वातावरण बना है। देशवासियों को नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर भारतीय जनता पार्टी सरकार बना रही है। आज सभी तरफ बच्चा बच्चा के जुबां पर है कि इस बार मोदी सरकार 400 पार।

### सभी वर्ग को मिल रहा योजनाओं का लाभ

आयोजित सभा को संबोधित करते हुए राजिम विधायक रोहित साहू ने कहा भाजपा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी के पक्ष में 26 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा को अधिक से अधिक मतदान करने की अपील किया। उन्होने कहा कि मोदी सरकार की जनहितैषी योजनाओं का लाभ गांव गरीब, मजदूर किसान सभी वर्गों को मिल रही है । तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है, मोदी जी ने सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास को मूल मंत्र मानते हुए विकास कार्य किया है।

## ओलावृष्टि से किसानों की फसल हुई बर्बाद, कलेक्टर से क्षतिपूर्ति की गुहार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव (कोरासी)

मंगलवार रात करीब 10.30 बजे क्षेत्र में आई तेज आंधी-तूफान और क्षेत्र में हुई ओलावृष्टि से जगह-जगह बिजली के तार, पेड़ टूटकर गिर गए। कई मार्गों में आवागमन ठप हो गया। वहीं आंधी-तूफान और ओलावृष्टि ने किसानों को बर्बाद कर दिया है।

क्षेत्र के किसान बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि, आंधी-तूफान से अपने फसलों को बचाने कड़ी मेहनत कर रहे हैं। बावजूद इसके समय-समय में बिगड़ने वाले मौसम ने अब किसानों की कमर तोड़कर रख दी है। किसानों का फसल पक कर तैयार हुआ तब ओलावृष्टि ने किसानों को कही न छोड़ा। कटाई के लिए पूरी तरह तैयार धान का फसल अब जमीन पर बिछ गया है। धान के पौधे पर एक दाना भी नही बचा। पूरी फसल पानी में डूब गई है। किसान पूरी तरह बर्बाद हो चुके है, न उन्हें मेहनत का एक दाना मिला। न ही कोई उनका सुध लेने वाला है। हर खेत में देखो तो किसान की बर्बादी का मंजर नजर आता है। छुरा विकासखंड के ग्राम फिंगेश्वरी, अमेठी, कसेकेरा, साजापाली, भैरा, नवापारा, गोदलाबाहरा, नवाडिही सहित अन्य ग्रामों में यह तस्वीर नजर आ रही है।



क्षेत्र में ओलावृष्टि से लगभग 750 हेक्टेयर जमीन की फसल बर्बाद हो चुकी है। जहां नवाडिही में फिंगेश्वरी, अमेठी, कसेकेरा, साजापाली, झबलीबाहरा, भैरा, नवापारा, में किसान एकत्रित होकर समस्त कृषक ने कलेक्टर को ओलावृष्टि से धान की फसल की छतिपूर्ति प्रदान करने की मांग की है।

## कॉमर्स के छात्रों ने पूरा किया इंटर्नशिप



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

फिंगेश्वर ब्लॉक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कौन्दकेरा में विगत आठ वर्षों से संचालित व्यवसायिक शिक्षा के व्यावसायिक पाठ्यक्रम के अंतर्गत बैंकिंग विषय को चयन करने वाले कक्षा ग्यारहवीं के पैंतीस एवं बारहवीं के सत्रह छात्र-छात्राओं को दस दिवसीय इंटर्नशिप प्रोग्राम संपन्न कराया गया। उक्त जानकारी देते हुए संस्था के बैंकिंग विषय के शिक्षक प्रशिक्षक कृष्णा कंसारी ने बताया कि छात्र-छात्राओं को अलग अलग वित्तिय संस्थानों से इंटर्नशिप करवाया गया। इंटर्नशिप में 10 दिनों तक प्रतिदिन 8 घंटे विभिन्न वित्तीय संस्थानों से वित्तीय कार्य प्रणाली को समझा साथ ही वित्तीय कार्य करने की प्रेरणा ली। जिससे उनमें वित्तीय प्रबंधन के कौशल की समझ बढ़े। इंटर्नशिप प्रोग्राम में सम्मिलित छात्र-छात्राओं को संस्था के प्राचार्य एमआर रात्रे एवं वरिष्ठ व्याख्याता दीनू राम यदु व खेलावन राम सिन्हा द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी, 1 से शुरू होगी नई बैच

**गरियाबंद।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा शासकीय वीर सुरेन्द्र साय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु निःशुल्क प्रयास कोचिंग का संचालन किया जा रहा है। वर्तमान में प्रातः 06 बजे से 11 बजे तक एवं शाम 04 बजे से 08 बजे तक कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। प्रयास कोचिंग का नया बैच 1 मई से शुरू हो रहा है। इच्छुक व्यक्ति पंजीयन कराकर कक्षाएं ज्वाइन कर सकते हैं।

उक्त कोचिंग में पंजीकृत विद्यार्थियों को भारतीय इतिहास एवं कला संस्कृति, भारतीय भूगोल और अर्थशास्त्र, भारत का संविधान व सामान्य विज्ञान, पर्यावरण एवं समसमायिकी घटनाक्रम इत्यादि विषय का अध्यापन कार्य अनुभवी शिक्षकों द्वारा निरंतर किया जा रहा है साथ ही समय-समय पर जिले में पदस्थ प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों द्वारा भी कक्षाएं ली जा रही है।

कोचिंग के नए बैच में 1 मई से प्रतियोगी परीक्षा के पाठ्यक्रम अनुसार कक्षाएं संचालित की जानी है। कोचिंग का मुख्य उद्देश्य. छ.ग. लोक सेवा आयोग, व्यापमं, पुलिस उपनिरीक्षक, शिक्षक पात्रता परीक्षा तथा अन्य समस्त शासकीय विभागों में भर्ती हेतु जिले के मेधावी छात्र-छात्राओं को स्थानीय स्तर पर प्लेटफॉर्म उपलब्ध करवाना है।

## मतदान पूर्व पुलिस का फ्लैग मार्च





हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

महासमुंद लोकसभा सीट के लिए 26 अप्रैल को मतदान होना है। मतदान शांतिपूर्ण और निष्पक्ष सम्पन्न कराने के लिए मैनपुर पुलिस एवं पुलिसबल के जवानों ने फ्लैग मार्च निकालकर पूरे मैनपुर नगर का भ्रमण किया। ताकि जनता निर्भिक होकर अपना मताधिकार का प्रयोग कर सके। फ्लैग मार्च में मैनपुर थाना प्रभारी शिवशंकर हुर्रा के साथ ही पुलिस बल के अफसर अधिकारी एवं पुलिस के जवान बड़ी संख्या में उपस्थित थे। मतदान के पूर्व पुलिस ने फ्लैग मार्च कर असामाजिक तत्वों को कड़ा संदेश दिया है कि चुनाव प्रभावित करने का प्रयास किया तो खैर नही। साथ ही आम जन को यह विश्वास दिलाया है कि जनता बेखौफ, निडर होकर मतदान करें। इस दौरान मैनपुर थाना प्रभारी शिवशंकर हुर्रा ने सभी क्षेत्र के लोगों से बिना किसी भय एवं शांतिपूर्ण तरीके से मतदान करने की अपील की है, साथ ही उन्होंने शत-प्रतिशत मतदान में भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही है।

### 1188 मतदाताओं के लिए गांव में एक भी पोलिंग बूथ नहीं

# मेडकीडबरी के मतदाता 5 किमी चलकर करेंगे अपना मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

विन्द्रानवागढ़ विधानसभा निर्वाचन क्रमांक 55 लोकसभा क्षेत्र महासमुंद के ग्राम पंचायत मेडकीडबरी में 1188 मतदाता हैं। लेकिन यहां मतदान केंद्र बूथ एक होने से ग्राम पंचायत मेडकीडबरी के मतदाताओं को 5 किलोमीटर पैदल चलकर मतदान केंद्र सुरगपानी जाना पड़ता है।

जबकि ग्राम पंचायत मेडकीडबरी का आश्रित ग्राम सुरगपानी है। यहां के लोग मतदान केंद्र क्रमांक 49 में मतदान करने जाते हैं। ग्राम पंचायत मेडकीडबरी के सरपंच ढलेश बाईं ध्रुव ने बताया कि वृद्ध, कमजोर, दिव्यांग अपने मत का उपयोग करने से वंचित हो जाते हैं। क्योंकि मेडकीडबरी से सुरगपानी की दूरी 5 किलोमीटर है।



### रात 8 बजे तक हुआ था मतदान

ज्ञात हो कि विधानसभा चुनाव के समय यहां पर धक्का-मुक्की की नौबत आ गई थी। क्योंकि यहां पर सिर्फ एक ही बोलिंग बूथ हैं और मतदाताओं की संख्या 1188 है। ऐसे में सुबह 7 बजे से शुरू मतदान रात्रि 8 बजे तक भी होता है। यह मतदान केंद्र अतिसंवेदनशील है। विधानसभा चुनाव के बाद यहां के लोग शासन- प्रशासन से मेडकीडबरी में मतदान केंद्र खोलने की मांग की थी। विधानसभा और लोकसभा चुनाव के समय हमेशा मतदान के समय मतदाताओं को लाइन में काफी समय तक कतार लगना पड़ता है। यहां महिला मतदाताओं की संख्या ज्यादा है।

### मतदान केन्द्र बनाने लगातार मांग

क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य केशरी ध्रुव, जनपद सदस्य हेमलता ध्रुव, ग्राम प्रमुख जनकराम ध्रुव, ईमलेश ध्रुव, उप-सरपंच मूलचंद सोरी, पंच आनंद जायसवाल आदि लोगों ने कहा कि यहां पर मतदाताओं की संख्या को देखते हुए मेडकीडबरी में मतदान केंद्र खोलने की मांग कई बार कर चुके हैं, मगर शासन-प्रशासन ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। एक मतदान केन्द्र और लंबी कतार के चलते कई मतदाता यहां आते ही नहीं। इस समय भारी गर्मी है, चुनाव महाकुंभ के साथ साथ सूरज भी अपना तेवर दिखा राह है।

### भैरा में हुआ भंडारा



**मुड़ागांव(कोरासी)।** अंचल में 23 अप्रैल दिन मंगलवार को हनुमान जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। ग्राम भैरा नवापारा के लेखराम पटेल और श्रीमती बिसाहिन पटेल ने विगत कई वर्षो से हनुमान जयंती पर हवन पूजन करती हैं। इसके बाद ग्रामीणों के लिए भोजन भंडारा कराया गया।


## पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप

### पुरानी रंजिश को लेकर युवक को चाकू मारा

**महासमुंद।** पुरानी रंजिश की बात को लेकर युवक के साथ दो लोगों ने मारपीट की। पुलिस को प्रार्थी हेमंत दास मानिकपुरी पिता गजाधर (26) निवासी नयापारा ने बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर आरोपी दुर्गेश डीजे और मखनू स्वीपर ने गाली गलौज करते हुए चाकू से हाथ को मारकर चोट पहुंचाया। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 324, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### दुर्घटना में एक घायल

**महासमुंद।** एफसीआई चावल गोदाम के पास राजिम मोड़ ग्राम शेर में एक्टिवा चालक ने एक शख्स को टक्कर मार दी। प्रार्थी शेगेश्वर ध्रुव पिता मदनु ध्रुव (27) निवासी कसीडीह जिला गरियाबंद ने पुलिस को बताया कि एक्टिवा के चालक गोलू दीवान निवासी शेर ने उसके बड़े भाई को टक्कर मार दिया। मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### महिला से मारपीट

**महासमुंद।** बसना थाना अंतर्गत ग्राम शीतलपुर में एक महिला के साथ उसके पति और एक अन्य व्यक्ति ने मारपीट की। पुलिस को प्रार्थिया सुखमनी अजगले पति मनोहर (24) निवासी शीतलपुर ने बताया कि उसके साथ आरोपी मनोहर अजगले पिता जगदीश और एक अन्य ने मिलकर गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का से मारपीट किया और जान से मारने की धमकी दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### दो जगहों से महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** बसना और सांकरा थाना अंतर्गत महुआ शराब की अवैध बिक्री के दो मामले सामने आया है। बसना पुलिस ने ग्राम सिरको जमड़ी रोड किनारे आरोपी रामलाल मुखर्जी पिता अहिबरन (51) वर्ष के कब्जे से 10000 एमएल महुआ शराब कीमत 2000 रुपए और सांकरा पुलिस ने होटल के सामने कोड़ाकटेल से आरोपी राकेश साहू पिता शंख कुमार साहू (27) के कब्जे से 3500 एमएल महुआ शराब कीमत 700 रुपए को जब्त किया है।

### खेत के मेड़ को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट

**बसना।** ग्राम खम्हन में बालाराम बलिया के खेत में मेड़ बनाने से मना करने की बात को लेकर दो पक्षों की बीच मारपीट का मामला सामने आया है। इसे लेकर दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पहले पक्ष के नवीन कुमार प्रधान पिता गणेश राम प्रधान (57) ने आरोपी नील कुमार पटेल और दो अन्य आरोपियों के खिलाफ गाली गलौज करते हुए उसके लड़के को हाथ मुक्का से मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज कराया है। वहीं दूसरे पक्ष के नील कुमार पटेल पिता रामजी (25) ने नवीन कुमार प्रधान और दो अन्य लोगों पर गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज कराया है।

# विहिप-बजरंग दल ने गांव-गांव में मनाया श्री हनुमान जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

विश्व हिंदू परिषद बजरंगदल ने गरियाबंद जिले के सम्पूर्ण ग्रामों में अपने इकाइयों से आह्वान कर हिंदू नववर्ष से राम नवमी तक रामोत्सव मनाने कहा था। इसी क्रम में 23 अप्रैल को युवाओं की टोली द्वारा हनुमान जन्मोत्सव भी मनाया गया। जिलाध्यक्ष प्रकाश निर्मलकर ने बताया की जिले भर के करीब 94 स्थानों में हिंदू संगठनों का सहयोग मिला। जिनमे प्रत्येक वर्ग के लोग शामिल रहे। जिले के पांचों विकासखंड में विहिप समिति के द्वारा पूजा अर्चना कर नगर के हृदय स्थल पर प्रसादी वितरण किया गया। वहीं दूसरी ओर ग्राम समितियों के द्वारा भी सुबह से ही प्रभात फेरी कर शाम को कलशयात्रा, चालीसा पाठ कर भोग भंडारे का आयोजन किया गया। फिंगेश्वर प्रखंड के गावों में पिछले हफ्ते रोहिना, टेका, जेंजरा कुंडेल में गठन किया गया, जिसमे करीब 300 युवा कार्यकर्ता हिंदू संगठन से जुड़े।इसके साथ ही अन्य गतिविधि कर मतदाता जागरूकता अभियान भी जिले में चलाया जा रहा हैं जो राष्ट्र सर्वोपरि की भावना से कार्य कर रहा हैं।





# डिप्टी सीएम ने विधायक रोहित के साथ किया धुआंधार प्रचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम




मतदान के दो दिन पहले डिप्टी सीएम अरूण साव का धुआंधार दौरा विधायक रोहित साहू के साथ राजिम विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जेंजरा, परसदाकला, बकली सहित अनेकों गांव में रोड शो हुआ। हर गांव के ग्रामीणों में भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी को लेकर न केवल उत्साहित देखा गया। बल्कि डिप्टी सीएम साव व विधायक रोहित साहू का जबर्दस्त स्वागत हुआ। ग्राम जेंजरा की सभा में डिप्टी सीएम साव ने मोदी की सभी गारंटी और योजनाओं को विस्तार से बताया। श्री साव ने कहा कि गरीब मां का बेटा, प्रधानमंत्री बना है जो देश की सेवा कर रहा है। राहुल गांधी के बारे में कहा कि वे पिछड़े समाज और साहू समाज को गाली देते है। क्या ऐसे को वोट देंगे? भगवान श्रीराम मंदिर का स्थापना हुआ। वे न्यौता स्वीकार नही किए। राम हमारे छत्तीसगढ़ के भांजे है उसका अपमान किया। छत्तीसगढ़ सरकार के मुखिया विष्णुदेव साय के बारे में श्री साव ने कहा कि मोदी के गारंटी को बहुत तेजी के साथ पूरा कर रहे है। महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी को जिताएं ताकि समूचे क्षेत्र का बहुत तेजी के साथ विकास हो सके।

राजिम विधायक रोहित साहू ने ग्रामीणों से आग्रह करते हुए कहा कि कमल फूल में वोट देकर भाजपा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी को जिताएं और केन्द्र में मोदी सरकार बनाएं। हमारे बेटे, बेटियों के भविष्य के लिए कमल में वोट दें। गरीबों का आवास शीघ्र बनेगा। इस जनसभा में जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, राजिम भक्तिन माता मंदिर समिति के अध्यक्ष लाला साहू, भागवत हरित, बोधन साहू, सरपंच हीरामणी साहू, महेश साहू, नेहरू साहू, कमल सिन्हा, डॉ दिलीप साहू, डॉ रामकुमार साहू, डॉ अवध साहू, पूर्व सरपंच नीलेश्वरी साहू, खुशी साहू, मधु नत्थानी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं युवा मौजूद थे।

## राष्ट्र के नवनिर्माण के लिए फिर मोदी सरकार : मोतीलाल



**राजिम।** महासमुंद लोकसभा चुनाव के प्रभारी एवं रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू राजिम विधानसभा क्षेत्र के राजिम, पिपरछेड़ी, बाबाकुटी, फिंगेश्वर, छुरा, कुरुद, पांडुका में साहू समाज एवं सर्व समाज के प्रमुखों से मेल-मुलाकात कर भाजपा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी को कमल छाप में मुहर लगाकर जिताने का आग्रह किया।

श्री साहू, समाज के साथ-साथ अन्य समाज के प्रमुखों से भेंट मुलाकात में कहा कि देश के गरीब मजदूर किसान युवा तथा महिलाओं की रक्षा, महिला सशक्तिकरण, राष्ट्र को आत्मनिर्भर बनाने, राष्ट्र के नवनिर्माण, भारत देश को विश्व गुरु बनाने के खातिर मोदी जी जरूरी है। सभी समाज के लोग राष्ट्र को पहली प्राथमिकता देते हैं, इसलिए राष्ट्र के सम्मान में सभी समाज के लोग भाजपा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी को जीत दिलाये। कमल छाप पर बटन दबाकर मोदी जी को मजबूत बनाएं। विधायक मोतीलाल साहू के साथ छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू, जिला भाजपा के पूर्व अध्यक्ष रामकुमार साहू साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू समिति के संरक्षक बोधन साहू रामूराम साहू कार्यकारी अध्यक्ष ईश्वरी साहू प्रदेश उपाध्यक्ष टीकम साहू युवा नेता वीरेंद्र साहू खोमन साहू तरुण साहू राजिम विधानसभा क्षेत्र के दौरे में साथ रहे।

# 12 वैकल्पिक दस्तावेज मतदान के लिए मान्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत द्वितीय चरण में 26 अप्रैल को महासमुंद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत गरियाबंद जिले में भी मतदान होगा। जिले में मतदान दिवस को प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। वहीं जिले के दूरस्थ क्षेत्रों के चिन्हांकित 9 मतदान केंद्रों में सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से सभी मतदाताओं को निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किए गए है। आयोग सभी मतदाताओं से अपेक्षा करता है कि वे अपनी पहचान तय करने निर्वाचक फोटो पहचान पत्र दिखाएंगे।

■ महासमुंद संसदीय क्षेत्र अंतर्गत जिले में 26 अप्रैल को होगा

यदि कोई निर्वाचक फोटो पहचान पत्र नहीं दिखा पाता है तो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उनके लिए 12 वैकल्पिक दस्तावेज भी अनुमत किए गए है। ऐसे निर्वाचक जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते है, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए निम्नलिखित 12 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा - आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंकों/डाकघरों द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड शामिल है। मतदाता इनमें से कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत कर मतदान कर सकेंगे। प्रवासी निर्वाचकों को जो अपने पासपोर्ट में विवरणों के आधार पर निर्वाचक नामावालियों में पंजीकृत है, मतदान केंद्र में केवल उनके मूल पासपोर्ट (तथा अन्य कोई पहचान दस्तावेज नहीं) के आधार पर ही पहचाना जाएगा।

# बुजुर्ग-दिव्यांगों के लिए निःशुल्क मतदाता रथ





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद।

लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत जिले के वरिष्ठ नागरिक एवं दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केन्द्र तक आने-जाने के लिए निःशुल्क परिवहन सुविधा प्रदान करने के लिए वरिष्ठ नागरिक दिव्यांग मतदाता रथ की व्यवस्था की गई है। यह प्रचार रथ जिला मुख्यालय गरियाबंद से रवाना होकर छुरा विकासखंड के ग्राम-कोसमबुड़ा, मुड़ागॉव, सोरिदखुर्द, पाटसिवनी, जरजरा, पांडुका, कुटेना, पोड़ सहित अन्य हाट बाजारों एवं चौक-चौराहो में मतदाता रथ का प्रचार-प्रसार करते हुये नगर पंचायत फिंगेश्वर एवं फिंगेश्वर के ग्राम बेलर, बोरसी, जेंजरा, देवरी, कौंदकेरा, भेन्ड्री से होते हुये वापस जिला मुख्यालय गरियाबंद तक के विभिन्न ग्रामों उक्त वाहन के माध्यम से मतदान दिवस पर मिलने वाली सुविधाओं का प्रचार-प्रसार किया गया।

■ 1950 में डायल करने पर मिलेगा मतदान केन्द्र तक परिवहन की सुविधा

# निगम दस्ते ने एक का कब्जा हटाया, तीन निर्माण पर रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर



नगर पंचायत अभनपुर द्वारा शासकीय भूमि पर काबिज अतिक्रमणधारियो एवं बिना अनुमति के भवन निर्माण किये जा रहे लोगो के विरूद्ध अतिक्रमण हटाने क कार्यवाही नगर पंचायत का अतिक्रमण दस्ता जेसीबी मशीन के साथ वार्ड क्रंमाक 4 रायपुर धमतरी मार्ग पर रामनाथ सिन्हा का अतिक्रमण हटाया गया एवं अतुल बाफना दिनेश गिरेपुंजे, उमेश अग्रवाल एवं मोनू गुलाटी को तत्काल प्रभाव से निर्माण कार्य पर रोक लगाने एवं निर्माण संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत करने क हा गया एवं बिना अनुमति के निर्माण करने वाले लोगो को विधिवत नगर पंचायत से अनुमति प्राप्त करने के पश्चात ही निर्माण शुरू करने की समझाइश दी गई। सीएमओ राजेश तिवारी द्वारा बताया गया कि नगर पंचायत द्वारा प्रति समाप्त अतिक्रमण हटाये जाने की कार्यवाही निरतंर की जावेगी आगामी सप्ताह मे वार्ड क्रंमाक 11 एनएच 30 के किनारे एवं अंडरब्रिज के पास नाली पर बनाये गये पाटा आदि स्थानो पर कार्यवाही की जायेगी। आज की कार्यवाही मे मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश तिवारी,उप अभियंता आशीष कुमार शर्मा,श्रीमति अन्नु सोनी,अनुराग पांडे,संतोष ताम्रकार,धमेन्द्र धृतलहरे,टुकेश्वर तिवारी,टिकेन्द्र सिन्हा आदि कर्मचारी शामिल रहे।

# डीएव्ही स्कूल देहारगुडा में हुई पालकों की क्रीड़ा स्पर्धा




**मैनपुर।** डी. ए. व्ही. मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल देहारगुड़ा में संस्था प्रभारी सुश्री वेणुका साहू के मार्गदर्शन में पालक, अभिभावकों के लिए त्रि–दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें पालकगण एवं अभिभावकों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का आगाज कबड्डी मैच से हुआ। इसमें टीम एक और बी के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। टीम बी के कप्तान डौलेश पटेल एवं उप कप्तान कीर्तन मरकाम ने अपनी टीम को शानदार जीत दिलाई। द्वितीय दिवस क्रिकेट मैच में टीम हंसराज के साथ टीम दयानंद की भिड़ंत हुई। इसमें टीम–हंसराज के कप्तान मोहित द्विवेदी ने शानदार प्रदर्शन कर अपनी टीम को विजयी बनाया। अंतिम दिन बैडमिंटन में विजेता रहे देवेंद्र वर्मा उप विजेता विनय साहू रहे। कैरम स्पर्धा में दीपक चतुर्वेदी विजयी रहे। इस तरह से सभी विजेता प्रतिभागियों को अजय नागेश, खेल प्रभारी राकेश साहू एवं उत्तम साहू, संदीप साहू द्वारा स्मृति चिन्ह से पुरस्कृत किया गया।

### आज से रवाना होंगे मतदान दल, दूरस्थ क्षेत्र के लिए पहले किया जाएगा रवाना

# मतदान करने के दौरान तस्वीर नहीं ले पाएंगे मतदाता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



मतदान के लिए दलों की रवानगी में दूरस्थ मतदान केंद्रों के दल पहले रवाना होंगे। वहीं बीच में उनके रुकने के लिए व्यवस्था भी होगी। वहीं मतदाताओं के लिए केंद्रों में शीतलता के लिए कूलर की व्यवस्था और मतदाताओं के लिए छांव की व्यवस्था के लिए केंद्रों में पंडाल की व्यवस्था भी की गई है।

मतदान दिवस के संबंध में कलेक्टर प्रभात मलिक ने बुधवार को प्रेस कॉंफ्रेंस ली। इस दौरान उन्होने बताया कि मतदान से संबंधित सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। आज 25 अप्रैल को सुबह 6 बजे मतदान दल रवाना कर दिए जाएंगे। सबसे पहले बसना एवं सरायपाली क्षेत्र के मतदान केंद्रों के लिए दल रवाना किया जाएगा। सभी मतदान दल दोपहर 3 बजे तक अपने मतदान केंद्रों तक पहुंच जाएगी। उन्होंने बताया कि मतदान दलों के लिए उपयोग होने वाले समस्त वाहनों में जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम लगाया गया है। जिसके माध्यम से वाहनों की ट्रैकिंग किया जा सकता है। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी निर्भय साहू एवं जिले के प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

कलेक्टर मलिक ने बताया कि जिले में कुल 85 संगवारी मतदान केंद्र बनाए गए है। इसमें पीठासीन से लेकर मतदान दल क्रमांक 1, 2 और 3 सभी महिला कर्मचारी होंगे। इसी तरह चारों विधानसभा क्षेत्र मंन 1-1 दिव्यांग मतदान केंद्र और 5-5 युवा प्रबंधित मतदान केंद्र बनाए गए है। दिव्यांग मतदान केंद्र में सभी अधिकारी-कर्मचारी दिव्यांग होंगे। इसी प्रकार युवा प्रबंधित मतदान केंद्रों में सभी युवा अधिकारी होंगे। आदर्श मतदान केंद्र 5-5 होंगे। आदर्श मतदान केंद्र को स्थानीय संस्कृति के अनुरूप सजाया जाएगा। महासमुंद में सिरपुर के थीम पर आदर्श मतदान केंद्र बनाया गया है। मिश्रित मतदान केंद्र अंतर्गत 120 केंद्रों को चिन्हांकित किया गया है। जहां महिला और पुरुष अधिकारी मतदान संपन्न करायेंगे। सभी मतदान केंद्रों में रैंप, पेयजल, छाया, विद्युत व शौचालय, बच्चों के लिए खेल कॉर्नर और गर्मी को ध्यान में रखते हुए ओआरएस पैकेट की व्यवस्था की गई है। मतदान केंद्रों में वेबकास्टिंग के माध्यम से निगरानी की जाएगी। इसके लिए आधे मतदान केंद्रों को वेबकास्टिंग से जोड़ा गया है। विधानसभा क्षेत्र 55 बिद्रानवागढ़ के 9 मतदान केंद्रों को छोड़कर शेष 1038 मतदान केंद्रों में मतदान का समय प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे निर्धारित है। मतदान केंद्रों में मतदाताओं द्वारा मोबाईल ले जाने पर प्रतिबंध है। उन्होंने सभी मतदाताओं से आग्रह किया है कि मतदान केंद्र के भीतर मोबाईल लेकर न जाएं। उन्होंने बताया कि बिंद्रानवागढ़ के दो मतदान केंद्र में ओढ़ एवं आमामोरा में मतदान दल हेलीकॉप्टर से सकुशल पहुंच गए है।

# शहर में श्री हनुमान जन्मोत्सव की रही धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

भगवान श्री राम के अनन्य भक्त हनुमान जी का जन्मोत्सव मंगलवार को शहर भर में धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। शहर के हनुमान मंदिरों में भगवान का दूध, दही, शहद, घी और गंगाजल से विशेष अभिषेक कर श्रृंगार किया गया और चोला चढ़ाया गया।

जन्मोत्सव पर हनुमान मंदिरों में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ नजर आई और हनुमान जी के जयकारे गूंज। भक्तजनों ने हनुमान जी का दर्शन कर प्रसाद अर्पित कर संकट हरण की कामना की। मंदिरों में पूजा पाठ के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया गया। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर शहर के सबसे पुराने हनुमान मंदिर में हनुमान चालीसा की चौपाइयों से गुंजायमान हुई सुबह से रात तक भक्तों कि तांता लगा रहा। कहते है इस शहर के इस सबसे पुराने हनुमान मंदिर में सच्चे मन से मांगे गए हर मनोकामना पूर्ण होती है।

### पिछले 20 वर्षों से सेवारत

शहर के सबसे पुराने हनुमान मंदिर में एक भक्त ऐसा भी जो हनुमान जी के पूजा के बाद वहां आये भक्तों का नारियल तोड़ कर उन्हें प्रसाद देता है। नाम है शिवा नायडू, शिवा इस मंदिर पर पिछले 20 वर्षों से सेवा देते आ रहा हैं। पेशे से ड्राइवर शिवा ने बतलाया एक मंगलवार को पूजा कर के जाते वक़्त एक बुजुर्ग नारियल तोड़ने की कोशिश कर रहा था और उन्हें बेहद मुश्किल हो रहा था। मैंने उनका हाथ बटाया और उस दिन से आज तक मैं पूजा करने के बाद सेवा में नारियल तोड़ने की जगह पर बैठ जाता हूं।



## खबर संक्षेप



### मजबूत लोकतंत्र में महिला मतदाताओं की महती भूमिका

**रसेला।** देश के मजबूत लोकतंत्र की नींव मतदाता होते है। क्योंकि मतदाता ही अपने अधिकार का उपयोग कर एक मजबूत नेतृत्व तैयार करते हैं। देश के लोकतंत्र को मजबूत बनाने में जितना योगदान पुरूषों का होता है, उतना ही योगदान महिलाओं का भी हो होता है। यदि महिलाएं जागरूक हो तो वह स्वयं अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगी, साथ ही अपने परिवार के अन्य सदस्यों एवं आसपास के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित कर मतदान केन्द्र तक पहुंचाने का माद्दा रखती है। आज देश में महिलाओं का योगदान भारतीय राजनैतिक, आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक व्यवस्थाओं में दिनों-दिन बढ़ रहा है, जो कि समावेशी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए एक सफल प्रयास है। लोकतंत्र के इस महापर्व में महिलाओं की शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित हो, इसके लिए महिलाओं ने सशक्त लोकतंत्र की पहचान, सशक्त नारी शत-प्रतिशत मतदान का संदेश भी दे रही है। लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए आदर्श आचरण संहिता लगने के साथ ही ब्लॉक स्तर पर ही नहीं बल्कि हर ग्राम पंचायत, वार्ड एवं गली मोहल्ले में मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित कर मतदाता को मतदान की प्रक्रिया से अवगत कराया जा रहा है। साथ ही जिले में शत प्रतिशत महिला मतदाता बूथ तक पहुंचे इसके लिए मतदान केन्द्रों में महिलाओं के लिए सुविधायें भी विकसित की गयी है।

### हनुमान जी की हुई विशेष पूजा



**छुरा।** ग्राम नवगई में हर वर्ष की तरह इस साल भी बड़े ही धूमधाम से श्री हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। विधि विधान से पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर झूमुक लाल चक्रधारी, इंद्रा चक्रधारी, तुलेश्वर ठाकुर, सेवक चक्रधारी, महावीर सेन, तामेश्वर, रुपेश, यश कुमार सेन ,छत्तरसाय ठाकुर, ईश्वर सोनी, नंदू साहू एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे ।

#### एक सप्ताह से क्षेत्र के पहाडों, जंगलों और दूरस्थ वनांचलों में पुलिस बल की सर्चिंग जारी

# अति संवेदनशील इलाकों के चप्पे चप्पे पर पुलिस-सुरक्षा बल तैनात

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर



लोकसभा चुनाव के द्वितीय चरण में महासमुंद लोकसभा में 26 अप्रैल दिन शुक्रवार को मतदान होना है। जिसमें गरियाबंद जिले के बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण निष्पक्ष तथा निर्भीक मतदान कराने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस के जवान क्षेत्र में पहुंच चुके हैं। लगभग पिछले एक सप्ताह से पुलिस बल द्वारा क्षेत्र के जंगल, पहाडों, दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों में लगातार सर्चिंग किया जा रहा है, ताकि जनता निर्भीक होकर अपना मतों का उपयोग कर सके। ज्ञात हो कि बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र काफी विशाल होने के साथ तीन दिशाओं से ओडिसा सीमा से लगा हुआ है और यहां का कुछ ईलाका काफी संवदेनशील नक्सल प्रभावित क्षेत्र के नाम से जाना जाता है। जिसके कारण जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं।

**अति संवेदनशील मतदान केन्द्र**

लोकसभा चुनाव में बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र के कुल 299 मतदान केन्द्र है जिसमें 09 मतदान केन्द्र अति संवेदनशील ग्राम कमारभौदी, आमामोंरा,ओंढ, बडेगोबरा, गौरगांव, गरीबा, नागेश, साहेबिनकछार और कोदोमाली में प्रातः 07 बजे से 03 बजे तक मतदान होना है। यह दुरस्थ वनांचल क्षेत्र में बसा हुआ मतदान केन्द्र है, बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र में पुरूश मतदाता 112375 एंव महिला मतदाता 116652 अन्य 03 कुल 02 लाख 29 हजार 30 मतदाता अपना मताधिकार का उपयोग करेंगे , बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र के 09 मतदान केन्द्र जैसे कमारभौदी, आमामोरा, ओंढ, बडे गोबरा, गरीबा, नागेश, साहेबिनकछार एंव कोदोमाली अंतिसंवेदनशील क्षेत्रे में जाना जाता है यहा मतदान सुबह 07 बजे से अपरान्हत 03 बजे के बीच होना है और बांकी सभी मतदान केन्द्रों में 07 बजे से शाम 06 बजे तक समय निर्धारित किया गया है।

**चुनाव में मोर्चा सम्भालेंगे दर्जनभर से ज्यादा कंपनियां**

चुनाव में मोर्चा संभालने और सुरक्षा घेरा मजबूत करने पिछले एक सप्ताह से जवानों का दल लगातार मैनपुर क्षेत्र में पहुंच रही है, चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने एक दर्जन से ज्यादा कम्पनियां पहुंच चुकी है। जिसमें सी.आर.पी.एफ, आटीबीपी, बीएसएफ व अन्य पुलिस बल कम्पनिया पहुंच चुकी है। लगातार पुलिस बल द्वारा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने प्रयास किया जा रहा है। गरियाबंद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम कांबले के मार्गदर्शन में पुलिस की अलग अलग टीमें अपनी जिम्मेदारी संभाल रही है, पुलिस अधीक्षक स्वंय मानीटरिंग कर रहे है।

**नक्सल प्रभावित क्षेत्र सुरक्षा घेरे में**

मैनपुर क्षेत्र के कुल्हाडीघाट, गोबरा, ओंढ आमामोरा, साहेबिनकछार, जांगडा, बरगांव, शोभा, गोना, गौरगांव, कुर्चेगा, भुतबेडा, गरीबा क्षेत्र में भारी पुलिसबल तैनात किये गये है और तो और नेशनल हाईवे में भी पुलिस बल लगातार मोटर सायकल व पैदल सर्चिंग कर रहे है, पुरा क्षेत्र सुरक्षाघेरा में तब्दील हो चुका है।

**ओडिशा सीमा में सघन जांच जारी**

ओडिसा सीमा में पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा अंचार सहिंता लगने के साथ ही सुरक्षा, नाका में लगातार सघन जांच किया जा रहा है। साथ ही पैदल पेंट्रोलिंग, वाहनों में पेट्रोलिंग, पुलिस भी सक्रिय हो चुकी है तथा संदिग्ध, असामाजिक तत्वों पर भी कार्यवाही जारी है। साथ ही मैनपुर क्षेत्र महज 10 किलोमीटर झरियाबाहरा के पास से धमतरी जिला का सीमा प्रारंभ होता है। यहां पर विशेष निगरानी किया जा रहा है।

## गरियाबंद में भाजपा ने निकाली ट्रैक्टर रैली



हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद।

बुधवार को चुनाव प्रचार के अंतिम दिन भाजपा ने जिला मुख्यालय गरियाबंद में विशाल ट्रैक्टर रैली निकली। नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन एवं मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सोनटेके के नेतृत्व में निकली गई इस रैली में बड़ी संख्या भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।

■ चुनाव प्रचार के अंतिम दिन भाजपा ने झोंकी ताकत

रैली भाजपा के केंद्रीय चुनाव कार्यालय हाईस्कूल मार्ग से शुरू हुई। तिरंगा चौक, बाजार लाइन, सुभाष चौक, यादव पारा, बजरंग चौक, सब्जी बाजार, बस स्टैंड, रावणभाटा, गौरव पथ, शारदा चौक, संतोषी मंदिर होते हुए पुनः चुनाव कार्यालय पहुंच समाप्त हुई। इसके पहले रैली के दौरान गफ्फु और सुरेंद्र सोनटेके ने सभी नगरवासियों का अभिवादन किया और भाजपा प्रत्याशी श्रीमती रूपकुमारी चौधरी को जिताने की अपील की।

रैली में जिला मंत्री मिलेश्वरी साहू, वरिष्ठ कार्यकर्ता अनूप भोसले, घनशायम सिन्हा, दीनू सिन्हा, आशीष शर्मा, अजय रोहरा, राधेश्याम सोनवानी, सागर मयाणी, आसिफ मेमन, टिंकू ठाकुर, वंश गोपाल सिन्हा, बिंदु सिन्हा, तनु साहू, गुलेश्वरी ठाकुर, सुमित पारख, नूतन देवांगन, राज डे, सरला उईके, सुनीता झरिया, सीमा यादव, प्रीति गणवीर, जमुना गजबिए, अर्चना उपाध्याय, उषा साहू, गोदावरी सिन्हा, पप्पू ठाकुर, प्रकाश सोनी, भावेश सिन्हा, सूरज सिन्हा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहे।



## वंशगोपाल के नेतृत्व में 24 लोगों ने किया भाजपा प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यो तथा भाजपा की रीति-नीतियों से प्रभावित होकर कांग्रेस सहित अन्य पार्टी से जुड़े 24 लोगों ने नगर पालिका सभापति एवं पूर्व कोषाध्यक्ष भाजयुमो वंश गोपाल सिन्हा के नेतृत्व में भाजपा प्रवेश किया है।

■ विधायक रोहित साहू ने किया सभी का स्वागत

विधायक रोहित साहू ने सभी भाजपा का गमछा पहनाकर स्वागत किया और चुनाव में भाजपा के पक्ष में काम करने का संकल्प दिलाया। जिसमें प्रमुख रूप से पूर्व कांग्रेस पार्षद प्रत्याशी भावेश सिन्हा, पूर्व पार्षद राजू तिवारी, राजू तिवारी, वरिष्ठ अधिवक्ता प्रदीप लांबे, पूर्व कांग्रेस सदस्य कनक राजपुत, रजा हुसैन, शंभु तिवारी, फनीकेश साहू, दीपक, दिपक, तुषार डोंगरे, मोनु रामटेके, मुन्ना यादव, यशवंत निर्मलकर, अशोक शर्मा, युनिकेत सिन्हा, खिलेश यादव, दिनेश्वर पटेल, रोहित चक्रधारी, आयुष तिवारी, अंकित सोनी, डायमंड चक्रधारी, सदानंद निषाद, गोदावरी सिन्हा शामिल हुए।

इस अवसर पर सभापति वंश गोपाल सिन्हा ने कहा कि भाजपा छोड़ अन्य सभी पार्टियों से लोगों का मोह भंग होने लगा है। भाजपा के जनहितैषी नीतियों, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व के चलते लोगों का झुकाव भाजपा के प्रति बढ़ रहा है। यही कारण है कि बड़ी संख्या में लोग अन्य पार्टी को त्यागकर भाजपा से जुड़ रहे है। उन्होंने आज भाजपा प्रवेश करने वाले सभी लोगों का स्वागत किया है।



### ओले से फसल बर्बाद



**फिंगेश्वर।** बिन मौसम के बारिश एवं ओले गिरने के चलते ग्राम सोरिद के किसानों के फसलों को क्षति पहुंची है। किसानों ने बताया कि 23 अप्रैल को रात में गरज एवं चमक के साथ हुई बारिश एवं ओलों के चलते धान के रबि फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। पके फसल खेतों मे सो गये, वहीं पर बालिया भी झड़ गये जिसके चलते उन्हे आर्थिक नुकसान पहुंचा है।

## दुर्गम गांवों में पहुंच कांग्रेसियों ने किया प्रचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर



लोकसभा चुनाव के लिए दूसरे चरण का चुनाव प्रचार बुधवार यानी 24 की शाम को थम गया। इसके पहले बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस के सभी नेता और पदाधिकारियों ने रणनीति बनाकर चुनाव प्रचार में अपनी ताकत झोंकी और अलग-अलग क्षेत्रों में चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी संभाली।

■ जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम ने ओंढ़, आमामोरा पहुंचे

बुधवार को जिला पंचायत के उपाध्यक्ष संजय नेताम बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र के दुर्गम पहाडी के उपर बसे ग्राम ओंढ-आमामोरा पहुंचे और पैदल कई ग्रामों में पहुंचकर चुनाव प्रचार किया। ग्रामीणों से मुलाकात कर जनसम्पर्क किया और सभा का भी आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के कमार जनजाति के साथ सभी वर्गो के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए । इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष के साथ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गुंजेश कपील, हरिश्वर पटेल, राहुल निर्मलकर, नजीब बेग, रोशन राठौर, विरेन्द्र राजपुत, जीतु कश्यप, जगतराम भी पहुंचे।



विधायक जनक ध्रुव ने देवभोग झांखरपारा क्षेत्र में किया जनसंपर्क

बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव सुबह से ही अमलीपदर के साथ देवभोग नदी उस पार 36 गांव में सघन जनसम्पर्क किया और बडी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ गांव-गांव घर-घर पहुंचकर मतदाताओं से पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील किया। इस दौरान उन्होंने कई गांव में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार बनने पर किसान, मजदूर, महिला, युवा सबके लिए सरकार योजना संचालित करेगी। ब्लॉक कांग्रेस मैनपुर अध्यक्ष रामकृष्ण, अमलीपदर अध्यक्ष ललिता यादव, देवभोग अध्यक्ष भुपेन्द्र मांझी एंव सभी ब्लॉक अध्यक्षों के साथ बूथ स्तर के प्रभारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में पहुंच कर लोगों को कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

## मतदान सामग्री वितरण का हुआ ड्राई रन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद





भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में 26 अप्रैल को होने जा रहे लोकसभा चुनाव के मद्देनजर गरियाबंद के मंडी परिसर में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक अग्रवाल की मौजूदगी में 25 अप्रैल को होने वाले मतदान सामग्री वितरण का ड्राई रन किया गया। इस दौरान कलेक्टर श्री अग्रवाल ने विधानसभावार बनाए गये मतदान सामग्री वितरण काउंटर तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

■ कलेक्टर श्री अग्रवाल ने किया देखी व्यवस्था

मतदान अधिकारियों को निर्वाचन सामग्री प्रदान करने के लिए राजिम और बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा अंतर्गत 13-13 काउंटर बनाये गये है। इन्ही काउंटरों के माध्यम से मतदान दल को मतदान सामग्रियां ईवीएम मशीन, कम्पार्टमेंट एवं स्याही आदि प्रदान की जायेगी। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रीमती रीता यादव, अपर कलेक्टर श्री अरविंद पाण्डेय, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राकेश कुमार गोलछा, दोनों सहायक रिटर्निंग ऑफिसर सहित नोडल अधिकारी एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।



## बृजमोहन के पक्ष में भाजपा ने किया प्रचार

**नवापारा-राजिम।** रायपुर लोकसभा क्षेत्रके भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल के पक्ष में नगरपालिका परिषद के नेता प्रतिपक्ष प्रसन्न शर्मा, परदेशी राम साहू, बॉबी चावला, मयाराम साहू, साधना सौरज, धनमती साहू, धीरज साहू, कैलाश तिवारी, फेकनु साहू, नरोत्तम साहू, मोहन साहू, देवेंद्र सेन, हेमलाल साहू सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने नवापारा शहर के वार्ड 10 एवं 11 के एक-एक घर में जाकर कमल फूल में मुहर लगाने और बृजमोहन अग्रवाल को भारी बहुमत से जिताकर केन्द्र में मोदी की सरकार बनाने आग्रह किया।

## शोभायात्रा में मतदान के लिए दिलाई शपथ



हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद-कोपरा

ग्राम सुरसाबांधा में श्री हनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर ग्रामवासियों के सहयोग से सुबह से लेकर रात तक विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पूरे गांव को एक दिन पहले भगवा ध्वज और तोरण से सजाया गया। मारुति मंदिर में हनुमान जी का पुरोहित के द्वारा विधि विधान से पूजा पाठ किया गया। इसके पश्चात ग्राम के रामायण मंडली द्वारा सुंदरकांड का पाठ एवं श्री हनुमान चालीसा पाठ किया गया। जिसमें ग्राम की सभी श्रद्धालु इस पूजा पाठ के कार्यक्रम में शामिल हुए। हवन पूजन के बाद प्रसाद वितरण किया गया। तत्पश्चात शाम 5 बजे भव्य शोभायात्रा निकाला गया। शोभायात्रा के दौरान चौक पर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से शोभायात्रा में शामिल सभी मतदाताओं को शिक्षक जितेंद्र साहू के द्वारा शपथ दिलाया गया। इस अवसर पर प्रताप साहू, मानिक साहू, प्रकाश शर्मा,दशरथ वर्मा, धर्मेंद्र साहू, जितेंद्र साहू, महेंद्र साहू, श्यामसुंदर साहू, पिंटू वर्मा, सागर, युगल, खूमेश, वासु, गिरवर साहू,मोनू वर्मा, गणेश,विजेंद्र वर्मा, बीजू वर्मा, नोत्तम, चंद्रहास,परमेश्वर साहू, मुकेश साहू,योगेश्वर साहू, ताम्रध्वज साहू, उज्जवल साहू एवं बजरंग दल के सभी सदस्य और समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

## किसान मजदूर संगठन ने की सूखा नदी में बैराज की मांग की

**फिंगेश्वर।** 18 ग्राम सुखाग्रस्त जामगांव क्षेत्र किसान मजदूर संगठन के प्रतिनिधि भाजपा लोकसभा के प्रत्यासी रूपकुमारी चौधरी से मिलकर अपनी समस्याओं को बताया और कहा गया कि यदि सुखा नदी में बैराज बनता है तो फिंगेश्वर और छुरा विकासखंड के सैंकड़ों गांव लाभान्वित होंगे।

सभी लोगों ने अपनी मांग को लेकर उन्हें ज्ञापन सौंपा। किसानों को लेकर रूपकुमारी चौधरी ने आश्वासन दिया कि आचार संहिता के चलते वे कुछ भी नहीं कर पायेगी। चुनाव के बाद वह मांग से राज्य सरकार से अवगत कराएंगी। कांग्रेस सरकार में भी ज्ञापन दिया गया था। लेकिन वह मांग आज तक पूरी नहीं हुई है। इसलिए इस मूलभूत मांग को लेकर रूपकुमारी चौधरी से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा है। उक्त बैराज की मांग 10 सालों से होती रही है। श्रीमती चौधरी ने कहा कि यदि वह जीतकर आती है तो बैराज का निर्माण अपनी प्राथमिकता के साथ कराएंगी। संघर्ष समिति के प्रतिनिधि के रूप में विशेष कर मिंजुन साहू, नरोत्तम सिन्हा, उपाध्याय शंकर साहू, देवचरण साहू, दीनानाथ सहित 18 कार्यकर्ता शामिल थे।






विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### अग्निवीर टिकेश्वर साहू का ग्रामीणों ने स्वागत कर ड्यूटी के लिए किया रवाना



**पाण्डुका।** अंचल के ग्राम रजनकटा के टिकेश्वर साहू पिता छत्रपाल साहू का आर्मी अग्निवीर में चयन हुआ है। जिसे आज समस्त ग्रामवासीयों द्वारा भव्य स्वागत कर उसको ड्यूटी पर जाने के लिए बाजे गाजे के साथ विदाई दिया गया। इस अवसर पर ग्राम के सरपंच राजेश्वरी दीवान, गौरव मिश्रा, किशन कंडरा, टामन लाल, केजू राम, तिहारू राम, हीरालाल, श्रवण साहू, रेखराम साहू, चूड़ामनी निषाद, हरिशंकर निषाद एवं समस्त ग्राम वासी उपस्थित रहे। ग्रामवासियों ने अपने गांव को गौरान्वित महसूस करते हुये शुभकामनायें सहित विदाई दी।

### भोजन-प्रसादी का हुआ वितरण



**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम रानीपरतेवा में हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर सुखा नदी के तट पर स्थित बाबा सिद्धेश्वर नाथ मंदिर प्रांगण में परदेशी राम साहू एवं परिवार द्वारा श्री सत्यनारायण कथा कराया गया। साथ ही भोजन भंडारा भी करवाया था। जहां गिरधर गिरी गोस्वामी एवं समस्त गोस्वामी परिवार द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।

## मतदान पूर्व भाजपा ने झोंकी ताकत



**राजिम।** महासमुंद लोकसभा क्षेत्र में कल शुक्रवार को मतदान होना है। मतदान के 48 घंटा पहले भाजपा ने अपनी पूरी ताकत राजिम विधानसभा में झोंक दी है। सुबह 11 बजे डिप्टी सीएम अरूण साव का प्रेस कांफ्रेस हुआ। उसके बाद ग्राम जेंजरा, परसदाकला और बकली में भीड़ भरी जनसभाओं को संबोधित किया। उनके साथ विधायक रोहित साहू थे। शाम 5 बजे से राजिम मुख्यालय में विधायक रोहित साहू के नेतृत्व में डोर टू डोर जनसंपर्क हुआ, जिसमें नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा-जितेन्द्र सोनकर, जिला भाजपा उपाध्यक्ष महेश यादव, राजिम भक्तिन माता मंदिर समिति के अध्यक्ष लाला साहू, कमल सिन्हा, टंकू सोनकर, पुष्पा गोस्वामी, देवकी साहू, मधु नत्थानी, खुशी साहू, रामू साहू, शरद पारकर, पूरन यादव सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता शामिल थे।

# राजनांदगांव की जनता भूपेश बघेल को सिखाएगी सबक : अरुण साव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

डिप्टी सीएम अरुण साव ने पूर्व सीएम भूपेश बघेल के बारे में बड़ी बात कही है। कहा कि वे नकारा हो गए है। उन्हें जब मौका मिला था तो केवल लूटने का काम किया। छत्तीसगढ़ में अराजकता फैलाया। ऐसा कोई भी वर्ग न रहा जो उससे प्रताड़ित न हुआ हो। अब राजनांदगांव की जनता उसे बैरंग लौटाएगी।



### साहू समाज में कोई नाराजगी नहीं

डिप्टी सीएम श्री साव बुधवार की सुबह पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। उनसे जब पूछा गया कि महासमुंद से इस बार साहू केंडिडेट नही उतारा गया, इसलिए साहू समाज के लोग नाराज है। नाराजगी दूर करने क्या प्रयास हो रहा? इस सवाल के जवाब में श्री साव ने कहा कि पार्टी ने साहू समाज को पर्याप्त महत्व दिया है। नाराजगी जैसी कोई बात नही है। पार्टी के सारे लोग जी-जान से काम कर रहे है। यहां के भाजपा प्रत्याशी रूप कुमारी चौधरी भारी बहुमत से विजयी श्री हासिल करेगी। श्री साव ने कहा कि सभी को मालूम है कि विकास केवल भाजपा ही करती है। इसलिए पूरे छत्तीसगढ़ में जनता का रूझान भारतीय जनता पार्टी के प्रति है। नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। श्री साव ने बहुत ही विश्वास के साथ कहा कि छत्तीसगढ़ के सभी 11 सीट जीतेंगे।

### राहुल की न्याय यात्रा हुई फ्लॉप

राहुल गांधी के बारे में पूछे जाने पर उन्होने कहा कि उन्होने न्याय यात्रा निकाली जो फ्लाप हो गया। कहा कि वे जहां-जहां दौरा करते है कांग्रेस का बंटाधार हो जाता है। राजस्थान गये तो वहां से उनकी सत्ता चली गई। छत्तीसगढ़ में भी यही हुआ। कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू के बारे में पूछने पर कहा कि कांग्रेस के पास न नीति है न नीयत। महासमुंद से कांग्रेस को उम्मीदवार नही मिला तो इसलिए दुर्ग से यहां लाया गया। प्रेस कांफ्रेस में राजिम विधायक रोहित साहू, जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता जितेन्द्र सोनकर, महेश यादव, डॉ. रामकुमार साहू, मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा, राजिम भक्तिन माता मंदिर समिति के अध्यक्ष लाला साहू, किशोर साहू, टंकू सोनकर, भाजयुमो नेता अभिषेक सोनकर, खुशी साहू, मधु नत्थानी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पीसीसी प्रमुख दीपक बैज का हुआ स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज का नगर आगमन पर क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष भाव सिंह साहू, ब्लॉक अध्यक्ष बालमुकुंद मिश्रा, महासचिव प्रहलाद यदु, लोकसभा प्रभारी महासमुंद, सेक्टर प्रभारी धनशाय निषाद, जोन प्रभारी पूरन ठाकुर , रमेश चंद्राकर, अवध राम साहू, चित्रसेन, अमृत निर्मलकर, विजय यादव, मनु चौहान, मोतीलाल साहू, राकेश ध्रुव, बुधराम पांडे, रमन सिंह,थानु राम निषाद,मनहरन साहू, नारायण साहू, अमर सिंह जाट ,श्यामलाल ,ललित ,मनहर, दशरथ बरिहा, कोमल साहू, साधुराम निषाद, मंजू ध्रुव,पुष्पा ध्रुव, लक्ष्मी ठाकुर, संचालन नीलकंठ ठाकुर एवं चित्रसेन द्वारा किया गया। जोन सेक्टर बूथ के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

## कार्यकर्ताओं ने भाजपा के कार्यों की उपलब्धियां बताईं



छुरा। लोकसभा चुनाव में अब घर-घर संपर्क का कार्य प्रारंभ हो गया है। महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी रूप कुमारी चौधरी को अधिक मतों से जीत दिलाने हेतु नगर के विभिन्न वार्ड में घूम-घूम कर घरों में मोदी सरकार द्वारा किए गए कार्यों की पर्ची एवं अन्य जानकारी के साथ घर-घर पहुंचकर भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं। नगर पंचायत के उपाध्यक्ष रिंकू सचदेव, सभापति भोले शंकर जायसवाल ,पार्षद चित्र रेखा ध्रुव, मीना चंद्राकर, लीना दुबे सहित महिला मोर्चा भाजपा के कार्यकर्ता वार्डों में घूम-घूम कर भाजपा के कार्यों के उपलब्धि वाला प्रपत्र के साथ घूम कर भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं। साथ ही साथ गांव में घूम कर भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं।

## हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिरों में हुई विशेष पूजा-अर्चना

**रसेला।** राम भक्त हनुमान का प्राकट्योत्सव मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया। क्षेत्र के सभी हनुमान मंदिरों में पूरे दिन सुंदरकांड और चालीसा पाठ गुंजता रहा। भक्तों ने अपने आराध्य को मनपसंद केसरिया लड्डू, बेसन लड्डू, खीर, का भोग चढ़ाया। ग्राम रसेला में हनुमान जी की पूरे विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना की गई। कथा, चालीसा पाठ, सुंदरकांड, हवन, के पश्चात महाआरती कर प्रसादी वितरण किया गया। हनुमान जी की प्रतिमा में सिंदूर, चमेली तेल, सूखे मेवे, बादाम, काजू, अंजीर आदि का भोग लगाया गया। वहीं पर भक्त मंदिर के समक्ष मंत्रोपचार करते हवन कुंड में सांखला डाले, सभी ने गांव की सुख शांति समृद्धि की कामना भी की। हनुमान जी को दूध, दही,घी, पंचामृत से स्नान कराकर नये वस्त्र अर्पित की गई।प्रसाद स्वरूप लड्डू, हलवा आदि श्रद्धालुओं के मध्य वितरित किया गया। इस अवसर पर ग्राम पटेल लोकराम यादव, ग्राम प्रमुख डीआर यादव, उप-सरपंच परमेश्वर यादव, बैगा भागवत कोमर्रा, वेदव्यास निषाद, रामायण ठाकुर, नंदकिशोर यादव, ठाकुर राम यादव, कमलेश्वर नायक, छन्नू ठाकुर, राघवेन्द्र यादव, नरेश्वर यादव, रामकुमार निषाद, शंकर लाल कुर्रे, गजेन्द्र नायक,प्रज्ञेश देवांगन, महेश यादव, जम्बेश्वर साहू, खिलावन यादव, चतुर्भुज साहू, नारायण, बिसाहू ठाकुर, खेमचंद ताण्डी सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।



## हनुमान जी को चढ़ाया चोला



**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्रामीण अंचल में हनुमान जयंती धूमधाम के साथ मनाया गया। जगह-जगह हवन, पूजन किया गया। हनुमान चालीसा का श्रद्धालु पाठ करते रहे। वहीं मंदिरों में भोजन प्रसादी वितरण किया गया। हनुमान जन्म उत्सव बड़े ही हर्ष उल्लास से मनाया गया। ग्राम कोरासी में महाबीर बजरंग बली हनुमान को बंन्दन लगाकर चोला चढ़ाकर पूजा की गई और प्रसादी का वितरण किया गया। ग्राम पटेल अजय सिंह ठाकुर, खिलेश कुमार दीवान, लक्ष्मण ध्रुव, चेतन ध्रुव, तेजराम ध्रुव आदि श्रद्धालु भक्त पूजा में उपस्थित थे।

## चॉपर से मतदान दल ओढ़ व आमामोरा मतदान केन्द्र के लिए रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

- दोनों मतदान केन्द्रों में 1 हजार से अधिक मतदाता करेंगे मतदान

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मतदान दिवस के दो दिन पूर्व संवेदनशील एवं दूरस्थ मतदान केन्द्रों के लिए दो मतदान दलों को बुधवार 24 अप्रैल को ही रवाना कर दिया गया है। जबकि शेष सभी मतदान दलों को आज 25 अप्रैल को रवाना किया जायेगा। कलेक्टर श्री अग्रवाल एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारीराकेश गोलछा की मौजूदगी में बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के संवेदनशील मतदान केन्द्र आमामोरा-77 एवं ओढ़-78 के लिए मतदान दल को वायुसेना के हेलीकॉप्टर से रवाना किया गया।



दोनों मतदान केंद्र के लिए सुरक्षाधिकारी एवं मतदान दल सहित 16 सदस्यों को हेलीकॉप्टर से रवाना किया गया। जहां सुबह 11:20 बजे मतदान दल सुरक्षित पहुंच गया। इन दोनों मतदान केन्द्रों में प्रातः 7 बजे से शाम 3 बजे तक मतदान सम्पन्न होगा।

इन दोनों मतदान केन्द्रों में मतदान कराने के लिए युवा मतदान अधिकारी एवं सुरक्षा अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। आमामोरा-77 के मतदान केन्द्र पर कुल 747 मतदाता है, इनमें 375 महिलाएं एवं 372 पुरूष मतदाता शामिल है। इसी प्रकार ओढ़-78 मतदान केन्द्र पर कुल 330 मतदाता है, इनमें 172 महिलाएं एवं 158 पुरूष मतदाता शामिल है।

## खड़मा में मनाया गया श्री हनुमान जन्मोत्सव

**मुड़ागांव (कोरासी)।** ग्राम खडमा के हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव का कार्यक्रम मनाया गया। ग्राम खडमा के सभी हनुमानभक्त द्वारा हवन-पूजन में शामिल हुए। अयोध्या में भगवान राम जी के भव्य मंदिर बनने के बाद पहली बाद हर गांव-शहरों में हनुमान जी का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। जिसमे प्रमुख रूप से पुरोहित दिलीप पांडेय द्वारा विधि-विधान से हवन-पूजन कराया गया तथा गांव के सोहन लाल सरोज बाई सिन्हा, प्रेमलाल संतोषी सिन्हा, गुलशन शीतल सिन्हा, पूर्णिमा कंवर नंद सेन, रामेशर सेन, अश्वनी यादव चंद्रप्रकाश सिन्हा, बिंजवारिन सिन्हा, सतरूपा सिन्हा तथा ग्रामीण शामिल हुए।



## हवन-पूजन के बाद हुआ प्रसादी वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़ागांव(कोरासी)

हनुमान प्राकट्य उत्सव के अवसर पर ग्राम हरदी में श्रद्धालु भक्तगण ने हवन एवं पूजा अर्चना कर दिनभर प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर सीरकट्टी आश्रम के महामंडलेश्वर श्रीगोवर्धन शरण महाराज सिरकट्टी आश्रम कुटेना पांडुका एवं अशोक शरन महाराज आयोध्या के द्वारा हवन पूजन किया और अपने शिष्यों को आशिर्वाद दिया इस अवसर पर लखन तिवारी, भरत साहु, सरपंच संतु राम ध्रुव, हरदी

विशेष सहयोग अजय नागदेव, रजत कुकरेजा, चोखेलाल साहु, भोलेशंकर जायसवाल, लोकेंद देवांगन, दुष्यंत सिन्हा,आयोजक रुपनाथ बंजारे, कन्हैया यादव गोलू यादव, रमेश तारक, मन्नू ध्रुव, मानिक यादव मानिक प्रेमलाल, जीवन सॉरी, बलदेव साहू, अंजोरदास, अमर सिंह, विजय तिवारी इतस ध्रुव बुधराम सिन्हा, हरी, गजेंद, खिलेश, समर, घासीराम, आदि लोग उपस्थित थे।



## शाकंभरी मंदिर में हुई पूजा

**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम लोहझर के शाकंभरी माता मंदिर में 23 अप्रैल दिन मंगलवार को हनुमान जयंती के अवसर पर पूजा अर्चना किया गया। जहां चतुर्भुजी आश्रम सिरकट्टी के महामंडलेश्वर संत गोवर्धन शरण ने शत-प्रतिशत मतदान हेतु जनमानस को प्रेरित किया।



## जिपं अध्यक्ष हुई यज्ञ में शामिल



**मैनपुर।** मैनपुर विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम उरमाल में 16 प्रहरी नाम यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। जिला पंचायत गरियाबंद के अध्यक्ष श्रीमती स्मृति ठाकुर 16 प्रहरी यज्ञ में शामिल होकर पूजा-अर्चना कर क्षेत्र में सुख, शांति और समृध्दि की कामना की। ज्ञात हो कि ग्राम उरमाल में 16 प्रहरी यज्ञ के चलते गांव का माहौल भक्तिमय नजर आ रहा है और हजारों की संख्या में श्रध्दालु इस धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने पहुंच रहे है।

